Std. V Hindi Lit.(L.9 धैर्य की परीक्षा)

इन प्रश्नों के उत्तर दें :---

Qn.1.सत्य प्रकाश आँगन में बैठे क्या कर रहे थे?

उत्तर---सत्य प्रकाश आँगन में बैठे बहीखाता लिख रहे थे।

Qn.2. मोहन एक ही बात बार-बार क्यों दोहरा रहा था ?

उत्तर---मोहन एक छोटा बच्चा था। बच्चे किसी भी पक्षी या जानवर को देखकर खुश हो जाते हैं। मोहन भी कौवे को देखकर खुश हो गया और वह अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए एक ही बात बार-बार दोहरा रहा था।

Qn. 3. मोहन के बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर पिता उत्तर क्यों देते रहे ?

उत्तर--मोहन ढाई वर्ष का एक छोटा बच्चा था। उसके पिता मोहन की उत्सुकता को कम नहीं करना चाहते थे, इसलिए बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर पिता उत्तर देते रहे ।

Qn.4. पिताजी ने वह बात बहीखाता में क्यों लिखी?

उत्तर ---अधिकतर यह देखा गया है कि युवकों में धैर्य की कमी होती है ।पिताजी ने वह बात बहीखाते में लिखी ताकि जब मोहन बड़ा होगा तो वे उसे बहीखाते में लिखी हुई बात दिखाकर उससे धीरज रखना सीखा सकें। उसे बता सकें कि माता-पिता कितना धैर्य के साथ अपने बच्चे का पालन-पोषण करते हैं और वही बच्चे आपने माता-पिता के साथ धीरज नहीं रख पाते।

Qn.5. मोहन क्यों लज्जित हुआ ?

उत्तर--मोहन के पिता ने उसे अपना चश्मा मरम्मत करवाने के लिए दिया था ।पिता द्वारा चश्मे के बारे में बार-बार पूछने पर मोहन उन पर क्रोधित हो रहा था ।तब उसके पिता ने उसे उसके बचपन की कौए वाली घटना को बहीखाता में लिखा दिखाया।अतः अपने पिता पर गुस्सा करने व अपना धैर्य खोने के कारण मोहन लज्जित हुआ ।

Qn.6. इस कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

उत्तर -- इस कहानी से संदेश मिलता है कि जिस प्रकार हमारे माता-पिता धैर्य के साथ हमारा पालन-पोषण करते हैं तथा हमारी हर बात को ध्यान से सुनते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें भी बड़े होने पर अपने माता-पिता की देखभाल करनी चाहिए तथा उनकी बातों को धैर्य के साथ सुनना चाहिए ।

Qn II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-

Qn. 1. बड़ा होकर मोहन क्या बना ?

उत्तर --बड़ा होकर मोहन इंजीनियर बना ।

Qn.2. मोहन चश्मा लाना क्यों भूल गया ?

उत्तर---मोहन चश्मा लाना भूल गया क्योंकि पिता की परेशानी को उसने गंभीरता से नहीं लिया।

Qn.III. विलोम शब्द लिखें --

दुर्बल × सबल

प्रकाश ×अंधकार

अंतिम ×प्रथम

रात्रि ×दिवस

सत्य ×असत्य

मुख्य ×गौण

Qn.IV. इन शब्दों का शब्द परिवार बनाइए---

सत्य ---असत्य, सत्यवादी ,सत्यापन

कार्य -- कार्यकुशल ,कार्यभार, कार्यकाल

वार ---सोमवार ,परिवार ,पतवार

Qn.V . पाँच भाववाचक संज्ञा लिखें:--

मानवता

घबराहट

चतुराई

कठोरता

अहंकार